भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या: 475
गुरुवार, 25 जुलाई, 2024/3 श्रावण, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

घरेलू हवाई यात्री

475. डॉ. निशिकान्त दुबेः
डॉ. जयंत कुमार रायः
श्री दिलीप शइकीयाः
श्री शंकर लालवानीः
श्री कृपानाथ मल्लाहः
श्री धवल लक्ष्मणभाई पटेलः
श्रीमती कृति देवी देबबर्मनः

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 2014 से घरेलू हवाई यात्रियों के आंकड़ों का ब्यौरा क्या है;
(ख) विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान सर्वाधिक घरेलू यात्रियों वाले दस विमानपत्तनों का ब्यौरा क्या है;
(ग) उड़ान योजना के लागू होने के बाद घरेलू यात्रियों की संख्या में देखे जा रहे परिवर्तन का ब्यौरा क्या है;
(घ) वर्तमान में देश में कार्यशील विमानपत्तनों/हवाई पट्टियों की संख्या कितनी है और वर्ष 2014 से इन कार्यशील विमानपत्तनों/हवाई पट्टियों में से वर्ष-वार कितने विमानपत्तनों/हवाई पट्टियों का निर्माण किया गया है; और
(ङ) सरकार द्वारा नागरिकों के लिए हवाई यात्रा को और अधिक वहनीय बनाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क): भारतीय हवाईअड्डों पर वर्ष 2014 से 2024 तक हैंडल किए गए हवाई यातायात का ब्यौरा (अनंतिम) अनुलग्नक-I में दिया गया है।

(ख): पिछले प्रत्येक तीन वर्षों के दौरान सबसे अधिक घरेलू यात्रियों वाले दस हवाईअड्डों का विवरण अनुलग्नक-II में दिया गया है।

(ग): क्षेत्रीय संपर्क योजना-उड़े देश का आम नागरिक (आरसीएस-उड़ान) ने देश में घरेलू यात्रियों की संख्या में वृद्धि में योगदान दिया है। अब तक 141 लाख से अधिक यात्री 'उड़ान योजना' की उड़ानों के माध्यम से यात्रा कर चुके हैं।

(घ) : वर्तमान में, भारत में 157 हवाईअड्डे/हेलीपोर्ट/वाटर एयरोड्रोम प्रचालनरत माने जा रहे हैं। वर्ष 2014 से 12 ग्रीनफील्ड हवाईअड्डों का निर्माण/प्रचालित किया गया है। वर्ष 2014 से भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा 48 हवाईअड्डों/हवाई पट्टियों का निर्माण किया गया है।

(ङ) : आरसीएस-उड़ान योजना का उद्देश्य हवाई यात्रा को एक बड़ी आबादी के लिए सुलभ और किफायती बनाना है। इस योजना ने घरेलू विमानन बाजार का विस्तार किया है, जिससे हवाई यात्रियों की संख्या और उड़ान आवृत्तियों में वृद्धि हुई है। अब तक 13 हेलीपोर्ट और 02 वाटर एयरोड्रोम सहित 85 हवाईअड्डों को जोड़ने वाले 579 मार्गों को परिचालित किया जा चुका है। उड़ान योजना की 2.73 लाख उड़ानों के माध्यम से 141 लाख से अधिक घरेलू यात्रियों ने यात्रा की है।

अनुलग्नक-I

वर्ष 2014 से अब तक घरेलू हवाई यात्री यातायात आंकडों का ब्यौरा

अनुसूचित घरेलू परिचालन के लिए अनुसूचित भारतीय परिचालकों द्वारा वहन यात्रियों की कुल संख्या		
वर्ष	वहन यात्रियों की संख्या	2014 से वर्ष दर वर्ष प्रतिशत में वृद्धि
2014	66,772,641	
2015	80,753,743	20.9
2016	99,475,474	23.2
2017	116,775,928	17.4
2018	138,698,284	18.8
2019	143,736,256	3.6
2020	62,858,348	-56.3
2021	82,745,079	31.6
2022	123,242,014	48.9
2023	152,040,530	23.4
2024(मई तक) - अनंतिम	66,141,726	

अनुलग्नक-II

पिछले तीन वर्षों के दौरान सबसे अधिक घरेलू यात्रियों वाले दस हवाईअड्डों का विवरण;

2022	**(वहन यात्रियों की संख्या)**	**2023**	**(वहन यात्रियों की संख्या)**	**2024 (मई तक)-अनंतिम**	**(वहन यात्रियों की संख्या)**
दिल्ली	46,144,544	दिल्ली	53,747,065	दिल्ली	23,127,351
मुंबई	29,742,476	मुंबई	37,858,792	मुंबई	16,486,586
बेंगलुरु	24,371,031	बेंगलुरु	32,543,235	बेंगलुरु	14,232,097
हैदराबाद	15,990,734	हैदराबाद	20,221,765	हैदराबाद	9,221,025
कोलकाता	14,854,294	कोलकाता	17,105,802	कोलकाता	7,494,183
चेन्नई	12,286,140	चेन्नई	15,177,501	चेन्नई	6,540,931
डाबोलिम	7,536,171	अहमदाबाद	9,908,563	अहमदाबाद	4,305,441
अहमदाबाद	7,444,003	पुणे	9,542,232	पुणे	4,144,640
पुणे	7,080,483	डाबोलिम	6,994,520	डाबोलिम	2,661,869
गुवाहाटी	4,834,326	गुवाहाटी	5,960,294	गुवाहाटी	2,475,824

******